खाद्य सुरक्षा टीम ने मावा, घी, दूध, पनीर व क्रीम के नमूने लिए

खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट करीब 16. किलो दूषित मिल्क केक नष्ट करवाया

सादुलपुर, (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं मंगलवार दोपहर तीन बजे फूड इन्सपेक्टर फूल सिंह बाजिया ने बताया कि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जांच दल द्वारा राजगढ में मैसर्स श्री भवानी मावा भण्डार से मिल्क केक, मैसर्स न्यू बाबा पनीर भंडार से क्रीम, पनीर, मेसर्स श्री बाबा पनीर भण्डार से घी और पनीर मैसर्स बाबा पनीर भण्डार से पनीर, दूध, मैसर्स वीर तेजाजी मावा और रसगुल्ला भण्डार से मावा, मैसर्स कृष्णा मावा भण्डार से मावा, मैसर्स बालाजी मावा भण्डार से मीठा मावा, मैसर्स सादुलपुर फूड पॉइंट से सोहन पापडी, मैसर्स बाबा मावा पनीर भण्डार से घी और पनीर ओर मैसर्स दुर्गा मावा भण्डार से मावा के कुल 14 नमूना लेकर प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए गए तथा मैसर्स श्री भवानी मावा भण्डार का अपमिश्रित मिल्क केक नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार थारवान ने बताया कि एक जगह से 40 किलो एवं एक जगह से 130 किलो करीबन अपमिश्रित मिल्क केक नष्ट नष्ट करवाया गया है। उक्त खाद्य पदार्थ की जांच रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जावेगी। साथ ही दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयां तैयार करने वाले दुकानदारों को साफ-सफाई रखने ब गुणवता युक्त खाद्य समग्री को काम में लेने हेतु पाबंद किया। इसी दौरान फूड इन्सपेक्टर फूल सिंह बाजिया, विनोद , महर्षि आदि ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

सैम्पल लेने एवं अपमिश्रित मिल्क केक नष्ट करवाने की राजगढ़ में कार्यवाही करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

राष्ट्रीय स्तर पर जीता कांस्य पदक

चूरू,(कासं.)। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित बॉक्सिंग की ओपन जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बास ढाकान के छात्र यशजीत कुमार ने कांस्य पदक जीता है। संस्था के संचालक व कोच सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर देवेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 63 से 66 किलो वजन वर्ग में बॉक्सिंग खिलाड़ी यशजीत कुमार यहां कक्षा 11वीं का छात्र है। चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता हरियाणा के रोहतक में आयोजित हुई थीं। संस्था के प्रधानाचार्य सुग्रीव शर्मा ने बताया कि अन्य विद्यार्थियों का भी राष्ट्रीय स्तर में चयन होगा। निर्देशक मुख्त्यार चौधरी ने बताया कि शेखावाटी में पहलवानों की कोई कमी नहीं है। राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी व कोच शेर सिंह ने बताया कि स्कूल के 40 से ज्यादा विद्यार्थियों को कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता में जिला स्तर पर मेडल मिले थे। उपप्रधानाचार्य हरलाल बुरड़क ने कहा कि विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी सतवीर ढाका, दिलीप कुमार, सोनू कुमार सहित कई लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

सार-समाचार

शिविर लगाकर खोलें सुकन्या समृद्धि खाता

सरदारशहर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में शिविर लगाकर 10 साल से छोटी बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाए। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सुकन्या समृद्धि खाता एक अहम कड़ी है। प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को प्रेरित कर बालिकाओं का भविष्य संभालने के लिए अधिक से अधिक संख्या में यह खाता खुलवा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी मंडल संयोजक राजेंद्र सोनी ने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में उनके आव्हान पर पूरे राजस्थान में सुकन्या समृद्धि के खाते खुलवाए जा रहे हैं इसी कड़ी में वर्ष 2022 से सरदारशहर में निरंतर अधिक से अधिक संख्या में खाता खुलवाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए हैं। शिविर में इंडियन बैंक द्वारा सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए।

हिंसक जानवर ने एक बकरी को मारा व एक को घायल किया

पाटन। कस्बे के वार्ड नंबर 3 मेहरों के मोहल्ले में रहने वाले हरिप्रसाद मेहरा के घर के पास बंधी हुई बकरी को हिंसक जानवर ने मार डाला एवं एक बकरी को घायल कर दिया। घटना विगत रात्रि की है, जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे, तो अचानक बकरी की चीख सुनाई दी। घर वाले बाहर आकर देखते हैं तो एक बकरी तड़फ रही थी दुसरी बकरी के गले के पास खून बह रहा था। हरि मेहरा ने इधर उधर देखा तो एक हिंसक जानवर पहाड़ की तरफ जा रहा था, जो दिखने में बघेरा जैसा लग रहा था। इससे पहले भी हिंसक जानवर ने राम सिंह मेहरा की तीन बकरियों का शिकार किया था। हरि ने यह भी बताया कि पहाड़ पर एक नहीं दो बघेरे थे, जो काफी देर तक पहाड़ में ही खड़े रहे, जिनको लोगों ने पहले भी कई बार देखा है। मोहल्ले वासियों ने बताया की बघेरे की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को पूर्व में दे दी दी गई थी परंतु अभी तक वन विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया जिसके चलते मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है।

शैक्षिणक भ्रमण दल रवाना

रतनगढ़, (निसं)। राजकीय महात्मा गाँधी विद्यालय बापूनगर के बालक बालिकाओं का शैक्षिणक भ्रमण दल रवाना हुआ जिसको समाजसेवी वेदप्रकाश पंवार, प्रधानाचार्य रामनिवास बोयल तथा संदर्भ व्यक्ति नंदलाल स्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल प्रमुख दर्शनीय स्थलों जीण माता मंदिर, शाकम्भरी माता मंदिर तथा लोहार्गल का भ्रमण कर सांयकाल वापस रतनगढ लौटेगा। विद्यार्थियों के साथ दल प्रभारी के रूप में रामनिवास बोयल,विनोद सोगण मंजुला चाकलान,अनिता, सावित्री, दिनेश शर्मा,अलका शर्मा आदि गये हैं।

68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में जीते मेडल

- **प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक के साथ रचा इतिहास**

सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा खिलाडियों ने 68वीं 17 व 19 वर्षीय छात्रा जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में खेल प्रभारी शमशेर खान के मार्गदर्शन में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने सोमवार शाम पांच बजे जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गोला फेंक में तमन्ना स्वामी, तश्तरी फेंक में प्रियंका तथा 100 मीटर रेस व ऊंची कूद में भारती ने स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार अनु खींची ने ऊंची कूद में रजत व सविता ने 400 मीटर रेस में तथा भारती ने 100 मीटर बाधा दौड में कांस्य पदक जीता है। भारती ने दो स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक जीता है। वहीं राजगढ पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा के नेतृत्व में स्टाफ सदस्य ईश्वर सिंह व सुमेर सिंह ने महाराणा प्रताप चौक राजगढ पर खेल प्रभारी शमशेर खान, मोहम्मद तौफीक, सेवानिवृत्त कोच यासीन खां, नवाब खान एवं भंवरी देवी तथा खिलाडियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने विजेता टीम एवम् प्रभारी शमशेर खान को बधाई देकर राज्य स्तर हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने आज का पल विद्यालय के लिए ऐतिहासिक पल बताया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल में भी अपना परचम लहरा रही हैं।

गौरतलब है कि इस विद्यालय में हाल ही में बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 42 छात्राओं ने टैबलेट प्राप्त किए हैं जो जिले में सर्वाधिक हैं।

जिला स्तरीय सम्मेलन सीकर में आयोजित होगा

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ सीकर जिला महामंत्री शिशपाल गढ़वाल ने बताया कि इस बार जिला स्तरीय सम्मेलन श्री हरदयाल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय(बजरंग कांटा) बजाज सर्किल सीकर,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (प्राथमिक)सीकर के पास दिनांक 25व 26 अक्टूबर को महासंघ अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक भंवर सिंह कि अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व ए डि ओ मांगीलाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नूनिया होंगे । सम्मेलन संयोजक भंवर लाल ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम प्रातः 10 बजे होगा , सम्मेलन में विधार्थी हितों से संबंधीत शिक्षा नवाचारों पर चर्चा की जाएगी तथा साथ ही प्रबोधको की पुरानी सेवा गणना, सही पदोन्नित ,ग़लत फिक्सेशन के कारण रही वेतन विसंगति दूर करवाने सहित विभिन्न वाजिब मुद्दों पर मंथन के बाद प्रस्ताव भेज कर प्रदेश कार्यकारिणी व सरकार को अवगत करवाया जाएगा ।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के चूरू आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

चूरू, (कासं.)। कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देश पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर व देहात अध्यक्ष किशोर धान्धू द्वारा जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 26 अक्टूबर 2024 को जिला मुख्यालय पर चौधरी कुम्भाराम आर्य की पुण्यतिथि पर आयोजित प्रतिमा अनावरण व श्रद्धांजलि सभा में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने व कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़, नगरपरिषद् सभापति पायल सैनी, पंचायत समिति नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र बुड़ानिया, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नारायण बालाण, रामेश्वर प्रजापति, विमल शर्मा, अंजनी शर्मा, आदूराम न्यौल, भंवर सिंह झारिया, शेर खां मलखान, भूरामल भाटिया, रामेश्वर नायक, चन्दनमल मेघवाल, असलम खां अखाण आदि ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अजीज दिलावर खानी, फारूक चौहान, यूनुस खान जोजो, दिपेश शर्मा, जमील चौहान, तौफीक खान, सुनील मेघवाल, सलीम चौहान, असलम खां मोयल , आसिफ निर्बाण, झाबरमल मीना, हबीब बिसायती, जाफर खां जोईया, रणवीर कस्वां सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया।

जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक को सभापति पायल सैनी ने सम्बोधित किया।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

- **प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापिकाएं बालिकाओं को सिखाएगी आत्मरक्षा के गुर**

सीकर,(निसं) । रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हरी के मुख्य आतिथ्य में समापन समारोह आयोजित हुआ।

आरपी डॉक्टर कल्पना ताखर ने बताया कि सिंघानिया ग्लोबल अकैडमी में आयोजित हुए आत्मरक्षा शिविर में 86 सरकारी अध्यापिकाओं ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया शिविर में मास्टर ट्रेनर सुनीता पिलानिया सुशीला कुमारी माया कुमारी तथा सुभिता ने सरकारी अध्यापिकाओं को 7 दिवसीय प्रशिक्षण में आत्मरक्षा के गुर सिखाएं प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापिकाए अब प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपनी अपनी विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी प्रशिक्षण शिविर के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हरी ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण आयोजित होने से स्कूली छात्राओं को आत्मरक्षा करने के गुर सीखने को मिलेंगे ताकि हर परिस्थिति में वह अपनी सुरक्षा खुद कर सके इस अवसर पर साक्षरता अधिकारी राकेश लाटा सीबीओ इंदु कला महला तथा प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापिकाए उपस्थित रही ।

नोटिस सर्वसाधारण

राकेश कुमार सांगवान एडवोकेट
पो. सादुलपुर जिला चूरु
मो.नं. 9982672624, 9057589600

क्रमांक..... दिनांक 18.10.2024

निमित :- सर्वसाधारण आम वो खास

मै अपने मुव्वकिल सुभाष पुत्र गोरुराम जाति मेघवाल निवासी खुडडी तहसील राजगढ़ जिला चूरु की हिदायतानुसार सर्वसाधारण आम वो खास को निम्न कानुनी नोटिस से सुचित कर रहा है कि :- 1. यह कि मेरे मुव्वकिल की पुत्री कांता दिनांक 06.10.2024 को हम सभी खाना खाकर सो गये थे रात्रि में करीब 2 बजे मेरा मुव्वकिल उठा तो मेरे मुव्वकिल की पुत्री कान्ता चारपाई पर नहीं मिली तो इधर उधर तलाश की लेकिन नहीं मिलने पर दिनांक 07.10.2024 को पुलिस थाना राजगढ़ में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसके पंजीयन नम्बर 0067/2024 है। उसके बाद मेरे मुव्वकिल की पुत्री कांता व राजेन्द्र पुत्र सागर जाति मेघवाल निवासी चैलाना बास तहसील राजगढ़ जिला चूरु के साथ श्रीमान पुलिस अधिक्षक चूरु के समक्ष पेश हुये तथा उन्होंने अपनी मर्जी से शादी कर लेना बताया। मेरे मुव्वकिल की पुत्री कांता मेरे मुव्वकिल के कहने सुनने में नहीं है तथा मेरे मुव्वकिल के समझाने पर भी कान्ता पर कोई असर नही हुआ। मेरे मुव्वकिल की पुत्री कान्ता मेरे मुव्वकिल के कहे सुने की नहीं है इस कारण मेरा मुव्वकिल अपनी पुत्री कान्ता से अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी पुत्री कान्ता को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है। आज के बाद से मेरे मुव्वकिल का अपनी पुत्री कान्ता से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा कान्ता मेरे मुव्वकिल की बिना सहमती के अपनी मर्जी से राजेन्द्र के साथ शादी की है इसलिए कान्ता का मेरे मुव्वकिल की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति में किसी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल की पुत्री कान्ता पुत्री सुभाष पत्नी राजेन्द्र हाल निवासी चैलाना बास तहसील राजगढ़ जिला चूरु किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, अर्द्ध निकाय या किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था से मेरे मुव्वकिल का नाम लेकर कोई लेन देन या संव्यवहार करती है तो इसमें मेरे मुव्वकिल व मेरे मुव्वकिल के परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी तथा मेरे मुव्वकिल की पुत्री कान्ता से कोई व्यक्ति संस्था, निकाय, अर्द्ध निकाय, किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

राकेश कुमार सांगवान एडवोकेट
पो. सादुलपुर जिला चूरू

पांचवी पुण्यतिथि पर नवां में टी-शर्ट वितरण

- **राजस्थान पुलिस के जवान स्व. नरेश बाडेटिया की पांचवी पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी राजकीय नवां में कार्यरत अध्यापक विजय बाडेटिया ने बाल वाटिकी के बच्चों को टी-शर्ट वितरण की**
- **स्व. भाई नरेश बाडेटिया की यादों को चिरस्थाई रखने हेतु विद्यालय में पौधारोपण भी किया गया।**

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान पुलिस के जवान स्व. नरेश बाडेटिया की पांचवी पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी राजकीय नवां में कार्यरत अध्यापक विजय बाडेटिया ने बाल वाटिकी के बच्चों को टी-शर्ट वितरण की। इस अवसर पर उन्होंने अपने स्व. भाई नरेश बाडेटिया की यादों को चिरस्थाई रखने हेतु विद्यालय में पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम प्रधानाचार्य दयानंद तंवर की अध्यक्षता में शुरू हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसबीओ दिवान सुरा, नवां पीईईओ अनिता पूनिया, एसएमसी अध्यक्ष दिवान आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट वितरण की गई व पौधारोपण किया गया। अध्यापक विजय बाडेटिया ने बताया कि बडे भाई नरेश बाडेटिया राजस्थान पुलिस में अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान पांच वर्ष पूर्व पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी याद में हर वर्ष पुण्यतिथि पर दान पुण्य एंव सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।पूर्व में भी रक्तदान शिविर, बच्चों को टाई और बेल्ट वितरित किए गए हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुण्य का कार्य कर स्व.नरेश बाडेटिया को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। एसीबीइइओ दीवान सूरा ने नेक कार्य के लिए अध्यापक विजय बाडेटिया की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रधानाचार्य दयानंद तंवर ने शिक्षक के कार्यों को प्रेरणादायी बताया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक जयवीर पूनिया, प्रभु राम,महावीर सिंह, बलवीर, नवीन शर्मा, राधेश्याम, बंशी लाल, जगदीप, राजेश कुमार, मुकेश, नीतू, भव्या व संदीप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयवीर पूनिया ने किया।

सेठानी जोहड़ा का अवलोकन किया

चुरू (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सेठानी का जोहड़ा का अवलोकन किया और नगरपरिषद के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोहड़े के सौन्दर्यकरण पर काम किये जाने की जरूरत है। सेठानी का जोहड़ा जिले की ऐतिहासिक विरासत में खासा महत्व रखता है। इसलिए इसके हैरिटेज लुक को बरकरार रखते हुए अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि जोहड़ा परिसर में श्रमदान करें और सफाई करें। इसी के साथ रोशनी आदि की व्यवस्थाओं के इंतजाम देखें। परिसर को पर्यटन के लिहाज से आकर्षक बनाने के लिए प्लान बनाएं। आवश्यक सुविधाएं दिए जाने के बाद यहां चौपाटी विकसित की जा सकती है। इस दौरान आयुक्त अभिलाषा सिंह, एक्सईएन पूर्णिमा यादव, एईएन सुनील सोनी, जेईएन कैलाश डूडी, एसआई मनीराम सहित नगर परिषद की टीम मौजूद रही।

सैनी नवयुवक मंडल ने महासचिव खडोलिया मनोनीत किया

- **'समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को दृढसंकल्पित होकर पूरी करते हुए समाज की आशाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करें'**

रतनगढ़,(निसं)।समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को दृढसंकल्पित होकर पूरी करते हुए समाज की आशाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करें। यह विचार रतनगढ़ सैनी समाज संरक्षक ओमप्रकाश टाक ने सोमवार सांय स्थानीय श्री हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में पत्रकार तिलोक कम्मा के सैनी नवयुवक मंडल चुरु जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर रतनगढ़ सैनी समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

नवयुवक मंडल के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर समाजबंधुओं ने पत्रकार तिलोक कम्मा को माला पहनाकर स्वागत करते हुए सैनी समाज के जिलाध्यक्ष डूंगरमल तंवर व जिला कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया। साथ ही अन्य जिलास्तरीय नियुक्तियों पर समारोह में रतनगढ़ सैनी समाज के हीरालाल खडोलिया को जिला सैनी समाज में जिलाउपाध्यक्ष, एडवोकेट महेंद्र कुमार गौड़ को सैनी समाज का जिला सलाहकार, गौरीशंकर खडोलिया को सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान का जिला महासचिव, मोहनलाल राकसिया को राष्ट्रीय पिछडा वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ का चुरु जिलाध्यक्ष व नन्दकिशोर गढवाल को महासंघ का जिलासचिव मनोनीत होने पर समाज बंधुओं ने माला पहनाकर स्वागत करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

'राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर बनेंगे 184 करोड़ रू. की लागत से 12 नये ओवरब्रिज

- **सांसद ने ज्वाइंट सर्वे कर इन लोकेशन पर ओवरब्रिज/वीयूपी/एलवीयूपी/सीयूपी निर्माण की मांग की थी, जिससे के चलते हरियाणा बॉर्डर से सालासर तक ये नवनिर्माण होंगे**

चूरू,(निसं) । राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर बनेंगे 184 करोड़ रू. की लागत से 12 नये ओवरब्रिज/ वीयूपी/ एलवीयूपी/ सीयूपी बनने जा रहे हैं। दुर्घटना रहित मॉडल हाइवे (-52) निर्माण का सांसद राहुल कस्वां का सपना अब साकार होता दिख रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-52 हरियाणा बॉर्डर से सालासर खण्ड तक फोरलेन निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व 10 मार्च 2022 को सड़क सुरक्षा को मध्यनजर सांसद राहुल कस्वां ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार ओवरब्रिज/ वीयूपी/एलवीयूपी/सीयूपी निर्माण की मांग केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से की। सांसद राहुल कस्वां ने संसद सत्र से लेकर केन्द्रीय मंत्री और विभाग के अधिकारियों को कई बार इस विषय में अवगत करवाया, जिसके बाद 12 स्थानों पर 184 करोड़ रू. की लागत से नये ओवरब्रिज/ वीयूपी/एलवीयूपी /सीयूपी बनने का रास्ता साफ हो गया है। सांसद कस्वां ने बताया कि मांग के अनुरूप 12 स्थानों पर ओवरब्रिज/वीयूपी/एलवीयूपी/सीयूपी की स्वीकृति मिली है जिनके टैण्डर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिन निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है उनमें तीन ओवरब्रिज- सादुलपुर में -709 बाईपास पर, चूरू में बाईपास समाप्ति स्थल पर (रतननगर) एवं रामगढ़ टाउन-ढ़ांढ़न-रोलसाबसर मार्ग पर निर्मित होंगे। लाईट व्हीकल अंडर पास (एलवीयूपी) का निर्माण जहां होगा, उनमें शामिल ह गुलपुरा-ढ़िगारला सड़क मार्ग पर, सिरसला गांव, लाखाऊ-आसलू मार्ग पर, ढ़ाढ़र-घांघू-मलसीसर मार्ग पर, ढ़ाणी डीएसपुरा, खोटिया गांव, न्यामा-खारिया कनिराम मार्ग पर इत्यादि। साथ ही एक व्हीकल अंडर पास सालासर, सुजानगढ़ में हाइवे खण्ड समाप्ति स्थल पर तथा एक सीयूपी रामगढ़ टाउन में बनेगा। सांसद कस्वां ने कहा कि जिस सोच के साथ हमने ज्वाइंट सर्वे कर मंत्रालय के समक्ष डिमांड रखी थी, वो अब साकार होगी। इस फोरलेन हाइवे पर दुर्घटनाओं में कमी होगी और दुर्घटना रहित मॉडल हाइवे के रूप में विकसित होगा।

सांसद राहुल कस्वां ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार ओवरब्रिज/ वीयूपी/एलवीयूपी/सीयूपी निर्माण की मांग केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतीन गडकरी से की।

दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए

चूरू, (कासं.)। चूरू जिले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की मंशा पर चूरू नगर परिषद की ओर से किए गए नवाचार के तहत जिले भर से आए कलाकारों ने शहर की दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए। विभिन्न विषयों पर बनाए जा रहे चित्र दिनभर राहगीरों के आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही नागरिकों ने कहा कि चूरू में सीएम बहड़ मार्ग, भालेरी रोड़ आदि सड़कें तो अंधेरे में डूबी रहती हैं, नगरपरिषद दीवारों पर करवा रही है चित्रकारी। खम्भे लगे हैं, लाइटें लगी हैं, सबकुछ है सिर्फ नीति खराब है। नगर परिषद कमिश्नर अभिलाषा सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता बुधवार दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ 5 प्रतिभागियों को चूरू के नेचर पार्क के स्वामी गोपालदास मुक्ताकाश मंच पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, सभापति पायल सैनी के आतिथ्य में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रथम विजेता को 21 हजार, द्वितीय को 15 हजार तथा तृतीय को 11 हजार नकद दिए जाएंगे। चतुर्थ व पंचम स्थान पर रहने वाले प्रतियोगियों को पांच-पांच हजार रुपए की पारितोषिक राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

समाजसेवी गीगराज सारस्वत की मूर्ति का अनावरण

रतनगढ़ में समाजसेवी गीगराज सारस्वत की मूर्ति का अनावरण किया गया।

- **पंडित गीगराज सारस्वत ने लगभग सौ वर्ष पूर्व इच्छा मृत्यु का वरण किया था**

रतनगढ़। समाजसेवी गीगराज सारस्वत की मूर्ति का रतनगढ़ के वार्ड नंबर 28 में स्थित गींदड़ चौक में विधिवत अनावरण किया गया। पंडित गीगराज ने लगभग सौ वर्ष पूर्व इच्छा मृत्यु का वरण किया था। पंडित पंकज आत्रेय के सानिध्य में वैदिक मंत्रों के साथ मुख्य यजमान और उनके प्रपौत्र संजय सारस्वत के बेटे राहुल सारस्वत ने पूजा-अर्चना की व पांच वर्षीय बालिका दर्शिका शर्मा ने विधिवत रूप से मूर्ति का अनावरण किया। जानकारी के अनुसार स्व. पंडित गीगराज ने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के अनेक उल्लेखनीय कार्य किये। उन्होंने सार्वजनिक धर्मशाला, मंदिर, कुआं सहित गायों के लिए पानी-चारे की व्यवस्था के साथ पीपल के अनेक वृक्ष लगाए थे। पंडित सारस्वत गींदड़ नृत्य के बड़े शौकीन थे। यह स्थान वर्तमान में गीगजी चौक के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नंद किशोर भार्गव, कुन्दन मल आत्रेय, अनंत राम माली, ओम प्रकाश टांक, संजय सरस्वत नरेंद्र शर्मा, प्रमोद स्वामी, जगदीश बाबरेवाल, भगवती प्रसाद चोटिया, राजकुमार चौधरी, दिनेश हरितवाल, चुन्नीलाल सारस्वत, अजय सारस्वत, शंभू सारस्वत, ललित आत्रेय सहित अनेक गणमान्यजनों ने पं. सारस्वत के योगदान को याद करते उनकी मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। गीगराज के वंशज अजय सारस्वत ने हाल ही आंगनबाड़ी के संचालन के लिए 812 वर्गगज भूमि दान में दी थी।

कार्यालय तहसीलदार भू.अ. भानीपुरा (चूरू)

क्रमांक - भू.अ./2024/6197 दिनांक 22.10.2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जयचंद पुत्र परमाराम जाति जाट निवासी लूणासर तहसील भानीपुरा जिला चूरू द्वारा एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवदेन किया है कि रोही ग्राम लूणासर के खसरा संख्या न. 272,320 कुल तादादी 6.2800 हैक्टेयर हिस्सा सम्पूर्ण भूमि परमाराम पुत्र डालूराम जाति जाट निवासी लूणासर के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार परमाराम ने उक्त भूमि की वसीयत दिनांक 04-01-2007 को उप-पंजियक कार्यालय भानीपुरा में पंजीकृत करवा दी थी। खातेदार परमाराम का स्वर्गवास दिनांक 12-09-2023 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर जयचंद पुत्र परमाराम जाति जाट निवासी लूणासर तह.भानीपुरा के नाम नामान्तरकरण दर्ज व तस्दीक करवाना चाहता है। इसलिए इस आम सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि उक्त बाबत किसी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह अपना ऐतराज मय सबूत साक्ष्य इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में पेश करे। बाद गुजरने मियाद कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार भू.अ.भानीपुरा

कार्यालय तहसीलदार भू.अ. भानीपुरा (चूरू)

क्रमांक - भू.अ./2024/6198 दिनांक 22.10.2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी रामस्वरूप पुत्र मनफूल जाति जाट निवासी धीरवास बड़ा तहसील तारानगर जिला चूरू द्वारा एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवदेन किया है कि रोही ग्राम नाहरसरा के खसरा संख्या न. 148 तादादी 14.02 हैक्टेयर हिस्सा सम्पूर्ण भूमि विघा देवी पत्नी रामस्वरूप जाति जाट निवासी धीरवास बड़ा तह. तारानगर के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार विघादेवी का स्वर्गवास दिनांक 23-02-2024 को हो गया। खातेदार विघादेवी ने उक्त भूमि की वसीयत दिनांक 12-06-2023 को उप पंजियक कार्यालय